

*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को जामडोली के सामाजिक न्याय संकुल परिसर में आयोजित 'विशेष योग्यजन बहन सम्मान दिवस समारोह' में विषेश योग्यजन बहनों से राखी बंधवाई।*

# विशेष योग्यजन बहनों ने मुख्यमंत्री के राखी बांधी

## समावेशी तथा संवेदनशील समाज के निर्माण में विशेष योग्यजन की भागीदारी अहम : भजनलाल

जयपुर, 8 अगस्त। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विशेष योग्यजन समाज का अभिन्न अंग है। एक समावेशी तथा संवेदनशील समाज के निर्माण के लिए विशेष योग्यजन की समान भागीदारी अति आवश्यक है। इसके लिए राज्य सरकार दिव्यांगजनों को केन्द्र में रखकर निरंतर कार्य कर रही है तथा उन्हें सशक्त बनाने के लिए कृत्संकल्पित है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की परिकल्पना "अंत्योदय" को साकार करने में जुटी हुई है।

शर्मा ने प्रदेशवासियों से एकात्म मानववाद तथा नागरिक कर्तव्यों को निभाते हुए प्रत्येक जरूरतमंद की मदद करने की अपील की। शर्मा शुक्रवार को जामडोली के सामाजिक न्याय संकुल परिसर में आयोजित 'विशेष योग्यजन बहन सम्मान दिवस समारोह' को

**■ जामडोली में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने विशेष योग्यजन महिलाओं से संवाद किया। बच्चियों की सरलता ने सभी को भावुक कर दिया।**

संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी बहनों को रक्षाबंधन की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अंत्योदय के लक्ष्य को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जामडोली में 200 करोड़ रुपये की लागत से स्वयंसिद्धा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का चरणबद्ध रूप से निर्माण किया जाएगा।

कार्यक्रम में न किसी भी तरह की औपचारिकता थी और न ही मंचीय दूरी। पूरे वातावरण में केवल आत्मीयता और अपनापन का अहसास हो रहा था। जब कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को विशेष योग्यजन बहनों ने रक्षा सूत्र बांधा तो उनके स्नेह से सभी भावुक हो गए। कार्यक्रम में लक्ष्मी ने मुख्यमंत्री के समक्ष 'आ चल कि तुझे मैं ले के चलूं एक ऐसे गगन के तले........' गीत गाया। इस दौरान दिव्यांगजनों ने बैंड वादन तथा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने दिव्यांग बच्चियों को अपने समीप बिठाकर संवाद भी किया। तनु ने कुरकुरे, मिठाई, समोसा खाने की इच्छा व्यक्त की, वहीं पूजा ने घूमने की इच्छा जाहिर की। मुख्यमंत्री ने सभी बहनों की मासूम ख्वाहिशों को पूरा करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम के अंत में शर्मा ने दिव्यांगजनों को खीर प्रसादी भी वितरित की।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विशेष योग्यजनों को डिजिटल हियरिंग और लर्निंग किट सौंपी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने परिसर में सिंदूर का पौधा लगाया। उन्होंने सभी बालिकाओं से संवाद किया तथा उन्हें पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश दिया। उन्होंने विशेष योग्यजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल भेंट की। शर्मा ने राजकीय बौद्धिक दिव्यांग गृह के बालक-बालिकाओं द्वारा हस्तनिर्मित सामग्रियों की प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों को सराहा।

इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता अपर्णा अरोडा, निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता आशीष मोदी, 'अपना घर' संस्थापक डॉ. बी.एम. भारद्वाज एवं बड़ी संख्या में दिव्यांग बहनें मौजूद थीं।

# बेंगलुरु के कमरे के मालिक ने राहुल के आरोप का किया खंडन

बेंगलुरु, 08 अगस्त। कर्नाटक में बेंगलुरु के महादेवपुरा इलाके में 120 वर्ग फुट के जिस एक कमरे के पते पर 80 मतदाताओं के पंजीकृत होने संबंधी कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों का कमरे के मालिक जयराम रेड्डी ने खंडन किया है।

रेड्डी ने पत्रकारों से स्पष्ट किया कि छोटे से कमरे के किरायेदार ज़्यादातर

**■ कमरे के मालिक जयराम रेड्डी ने कहा उस कमरे में प्रवासी मजदूर रहते हैं जो वोटर आईडी बनवाते तो हैं पर वोट नहीं देते।**

प्रवासी मज़दूर हैं, जो अस्थायी रूप से रहते हैं, आमतौर पर छह महीने से एक साल तक। ये किरायेदार निवास के प्रमाण के रूप में किराये के समझौतों का उपयोग करके मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करते हैं, लेकिन वास्तव में इस पते से वोट नहीं देते हैं।

राहुल गांधी की इस टिप्पणी पर कि उनके भाजपा से संबंध हैं, रेड्डी ने दावा किया कि वे कांग्रेस के सदस्य हैं। उन्होंने कहा, मैं निश्चित रूप से कांग्रेस का सदस्य हूँ। यह बात सभी जानते हैं।

# राजस्थान में लॉरेंस गैंग के 13 ठिकानों पर एनआईए ने छापे मारे

## श्रीगंगानगर, दौसा व हनुमानगढ़ में आतंकी फंडिग, अवैध-हथियार व हवाला मामलों में कार्यवाही की गई

श्रीगंगानगर, 8 अगस्त (कासं)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने राजस्थान के 3 जिलों में लॉरेंस गैंग के खिलाफ छापेमारी की है। श्रीगंगानगर, दौसा और हनुमानगढ़ के 13 से ज्यादा ठिकानों पर टीमें शुक्रवार (8 अगस्त) सुबह पहुंची, जिन मामलों में यह कार्रवाई हुई है, उनमें आतंकी फंडिंग, अवैध हथियारों की सप्लाई और विदेशों से जुड़े हवाला नेटवर्क शामिल है।

एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि श्रीगंगानगर के 11 इलाकों में एनआईए की छापेमारी हुई। जिसमें अशोक नगर, पुरानी आबादी और पुलिस थाना रावला क्षेत्र शामिल है। एक टीम ने रावला मंडी थाना क्षेत्र के गांव 9 पीएसडी में जेल में बंद एक आरोपी साहिल के घर भी सर्च किया और परिवार से पूछताछ की। पहली कार्रवाई कोतवाली इलाके में 20 मई 2025 को देवेंद्र भांभू, सुभाष और सतनाम को गिरफ्तार करने के मामले में की गई। उनके पास से 330 ग्राम हेरोइन, 4 विदेशी ग्लॉक पिस्टल (ऑस्ट्रिया निर्मित) 9 एमएम और एक विदेशी

**■ एनआईए की जांच में सामने आया है कि पंजाब व हरियाणा के कई गैंगस्टर राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में पनाह ले रहे हैं।**

जिगना पिस्टल (तुर्की निर्मित) 30 बोर के साथ 29 कारतूस बरामद किए गए थे।

दूसरी कार्रवाई जवाहर नगर में 20 मई 2025 को सत्यनारायण मेघवाल और साहिल गोदारा को गिरफ्तार किया था। इनके पास से दो पिस्टल 9 एमएम, तीन कारतूस और 1.802 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई थी। दोनों मामलों में आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई थी। एनआईए, आईबी और अन्य एजेंसियों के साथ संयुक्त पूछताछ (जेआईसी) के दौरान एक और आरोपी राजन छजगरिया को गिरफ्तार किया था। इन दोनों मामलों की जांच एनआईए कर रही थी।

दौसा के महुवा थाना क्षेत्र के सांथा गांव में भी गैंग से जुड़े शिवम की तलाश में टीम ने छापा मारा। एनआईए के डिप्टी एसपी एचए पटेल के नेतृत्व में टीम उसके घर पहुंची, लेकिन आरोप शिवम नहीं मिला। उसके पिता हरिफल मीणा से भी टीम ने पूछताछ की। शिवम की हवाला से जुड़े मामले में एनआईए को तलाश है। एनआईए ने 20 दिन पहले भी मेहंदीपुर बालाजी की कई धर्मशालाओं में तलाशी की थी। एजेंसी ने कुख्यात गैंग से जुड़े एक बदमाश को पिछले दिनों जबरन वसूली, धमकी और हथियार तस्करी के मामले में डिटेन किया था। उससे बताया था कि उसने मथुरा-वृंदावन और मेहंदीपुर बालाजी समेत कई धार्मिक स्थलों पर फरारी काटी थी।

एनआईए की शुरूआती जांच में यह बात सामने आई है कि पंजाब और हरियाणा से जुड़े कई गैंगस्टर अब राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में पनाह ले रहे हैं। एनआईए की ओर से अभी तक इस रेड को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# चेतक और चीता ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अनुरोध (आरएफआई) जारी किया है। इसका मकसद तकनीकी जरूरतों को तय करना, खरीद का तरीका तय करना और संभावित सप्लायरों की पहचान करना है। इसमें भारतीय कंपनियां भी शामिल हो सकती हैं जो मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के साथ मिलकर काम कर रही हैं। ये हेलीकॉप्टर दिन और रात दोनों समय काम करेंगे।

भारतीय वायुसेना ने पहले ही कई यूटिलिटी हेलीकॉप्टर खरीदने की योजना बनाई थी। संसद में पेश रक्षा संबंधी स्थायी समिति की रिपोर्ट के अनुसार, 2025-26 के लिए कुछ खास योजनाएं हैं। इनमें लो-लेवल रडार, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए), लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच), मल्टीरोल हेलीकॉप्टर और लीज पर लिए गए मिड-एयर रिफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट शामिल हैं। यह कदम भारत को रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा। इससे देश में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। साथ ही, भारतीय सेना और वायुसेना की ताकत भी बढ़ेगी।

# राहुल की प्रस्तावित ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

पार्टी सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस नेतृत्व मतदाता सूची विवाद को "सुनियोजित चुनावी धोखाधड़ी" के एक ऐसे व्यापक नैरेटिव के हिस्से के रूप में प्रस्तुत करना चाहता है, जिसका उद्देश्य लोकतंत्र को कमजोर करना है। राहुल गांधी ने संसद और मीडिया के माध्यम से जो हालिया खुलासे किए हैं, वे इस अभियान के केन्द्र में रहेंगे। राहुल गांधी का आरोप है कि ये अनियमितताएं सत्ता पक्ष को चुनावी लाभ दिलाने की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा हैं।

बिहार दौरे का समापन एक बड़ी जनसभा के साथ होगा, जिसमें राहुल गांधी मोदी सरकार पर तीखा हमला बोल सकते हैं और स्थानीय मुद्दों को राष्ट्रीय चिंताओं से जोड़ सकते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यह दौरा कांग्रेस और उसके सहयोगियों के लिए संसद में उठाये गये मुद्दों को बाहर सड़कों पर ले जाकर जन-आंदोलन की शुरुआत का मंच बन सकता है।

राजनीतिक तापमान के बढ़ने के साथ ही, 17 अगस्त से सबकी निगाहें बिहार पर टिकी होंगी, जब विपक्ष यह परखने की कोशिश करेगा कि क्या वह चुनावी धांधली के आरोपों को भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ एक दीर्घकालिक, राष्ट्रव्यापी आंदोलन में बदल सकता है।

# शुक्रवार को भी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

इसके पहले 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरु हुई तो सदस्यों ने हंगामा किया, जिसके कारण अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित दी थी। दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होते ही, सदस्य हंगामा करने लगे। हंगामे के बीच ही पीठासीन अधिकारी कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी ने विधायी दस्तावेज पटल पर रखवाये और शून्य काल शुरु कराने की कोशिश की, लेकिन हंगामा नहीं रुका तो उन्होंने सदन की कार्यवाही तीन बजे तक स्थगित कर दी थी।

# 'बंगाल में नहीं होने दूंगी मतदाता पुनरीक्षण कवायद'

कोलकाता, 08 अगस्त। पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने है। इसके लिए राज्यभर की सियासत में गर्माहट हैं। इसी बीच विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केन्द्र सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) भाजपा सरकार की साजिश है और इसमें चुनाव आयोग भी शामिल है।

बता दें कि बाढ़ प्रभावित पश्चिम मेदिनीपुर जिले के घाटाल दौरे पर ममता बनर्जी ने कहा कि यह योजना केन्द्र सरकार ने बनाई है और चुनाव आयोग उसकी मदद कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। सभी लोग अपने माता-पिता के जन्म प्रमाणपत्र संभालकर नहीं रख सकते। एसआईआर को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने साथ कहा कि वे पश्चिम बंगाल में एसआईआर लागू नहीं होने देंगी, जहां 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि अगर बंगाल में यह प्रक्रिया लागू हुई, तो हर धर्म के लोगों को परेशानी झेलनी पड़ेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आगे केन्द्र सरकार पर यह भी आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर एनआरसी जैसी प्रक्रिया लागू करने की कोशिश हो रही है।

# 'तात्कालिक लाभ ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

डॉलर अरब से अधिक था, जिसमें दवाएं, आईटी सेवाएं, मशीनरी और वस्त्र जैसे क्षेत्र प्रमुख हैं। वैश्विक मांग में गिरावट और लागत में वृद्धि से जूझ रहे भारतीय निर्यातकों को अब और चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। दूसरी ओर, अमेरिकी कंपनियां जो भारतीय आयात या भारत-आधारित आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भर हैं, उन्हें भी नुकसान हो सकता है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह घटनाक्रम ऐसे समय में हो रहा है जब वैश्विक व्यापार पहले से ही संरक्षणवाद, अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा और महामारी के बाद की आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे में अमेरिका और भारत के बीच लंबे समय तक बना गतिरोध वैश्विक बाजारों पर भी प्रभाव डाल सकता है और दोनों देशों द्वारा चीनी आपूर्ति श्रृंखला पर निर्भरता कम करने के प्रयासों को भी झटका दे सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप की घोषणा सिर्फ एक अस्थायी कूटनीतिक चाल नहीं है - यह उस गहरे संघर्ष को दर्शाती है, जिसमें अमेरिका की आक्रामक व्यापार नीति और भारत की विकासशील जरूरतें टकरा रही हैं। यह गतिरोध स्थायी टूट का कारण बनेगा या सामरिक पुनर्समीक्षा का अवसर देगा - यह आने वाले हफ्तों में दोनों पक्षों के कदमों पर निर्भर करेगा। फिलहाल, जो व्यापार समझौता कभी संपन्न होने के करीब था, वह अब पहले से कहीं अधिक दूर नज़र आ रहा है।

# कांग्रेस के ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

यात्रा "वोट चोरी" के खिलाफ जनांदोलन का आधार बनेगी। महत्वपूर्ण बात यह है कि राहुल गांधी के इस अभियान को सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। "संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ, वोट चोरी रोको" ये नारे अब कांग्रेस के डिजिटल कैम्पेन के मुख्य बिंदु बन गए हैं।

# राजद्रोह कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार की

## याचिका के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार से जवाब मांगा है

नई दिल्ली, 08 अगस्त। सुप्रीम कोर्ट भारतीय न्याय संहिता के तहत राजद्रोह कानून की सांवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली जनहित याचिका की जांच करने के लिए सहमत हो गया। जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से जवाब मांगा है। इसे औपनिवेशिक काल (ब्रिटिश समय) के कानून का उत्तराधिकारी माना जा रहा है।

बीएनएस की धारा 152 (देशद्रोह) की वैधता के खिलाफ सेवानिवृत्त मेजर जनरल एस जी वोम्बटकेरे ने जनहित याचिका दायर की थी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने वोम्बटकेरे की जनहित याचिका पर

**■ जनहित याचिका में कहा गया है कि भारतीय न्याय संहिता का यह कानून ब्रिटिश कालीन कानून के जैसा है।**

संज्ञान लिया है। इसके बाद केन्द्र सरकार को नोटिस जारी किया गया। इस मुद्दे पर कोर्ट ने इस याचिका को उस लंबित याचिका के साथ जोड़ने का भी आदेश दिया, जिसमें बीएनएस द्वारा प्रतिस्थापित पूर्व आईपीसी की धारा 124ए (देशद्रोह) को चुनौती दी गई है। बीएनएस की धारा 152 भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्य से संबंधित है।

सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया है कि यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर मौखिक या लिखित शब्दों, संकेतों, दृश्य चित्रण द्वारा, या अन्य तरीकों से अलगाव, सशस्त्र विद्रोह या विध्वंसक गतिविधियों को उत्तेजित करता है या उत्तेजित करने का प्रयास करता है, तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, अगर कोई भारत की संप्रभुता या एकता और अखंडता को खतरे में डालता है; या ऐसे किसी कृत्य में लिप्त होता है या ऐसा करता है, तो उस शख्स को आजीवन कारावास या सात वर्ष तक के कारावास से दंडित किया जाएगा। साथ ही उसे जुर्माना भी देना होगा।

दायर की गई याचिका में इस प्रावधान को राजद्रोह कानून का नया रूप बताया गया है। जिसे पहले सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई 2022 में विधायी समीक्षा के लिए स्थगित कर दिया था। जुलाई 2022 में पूर्व मुख्य न्यायाधीश एन वी रमना की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने आईपीसी के तहत राजद्रोह के प्रावधान पर रोक लगा दी थी। याचिका में कहा गया कि यह विवादित प्रावधान तथा औपनिवेशिक राजद्रोह कानून, जिसे पहले आईपीसी, 1860 की धारा 124ए के रूप में जाना जाता था, रद्द किए जाने योग्य है, क्योंकि यह अनुच्छेद 19(2) के तहत स्पष्टता, आवश्यकता और आनुपातिकता के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है।

# गोगामेड़ी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

लगने की पूरी संभावना है। इसलिए उसे जमानत पर रिहा किया जाए। इसका विरोध करते हुए एनआईए की ओर से अधिवक्ता स्नेहदीप ने कहा कि हत्याकांड से पहले हत्यारा कई दिनों तक याचिकाकर्ता के घर रुका था। याचिकाकर्ता ने ही उसे हथियार उपलब्ध कराए थे। ऐसे में घटना को लेकर उसकी सक्रिय भागीदारी रही थी। इसके अलावा, एनआईए की विशेष अदालत याचिकाकर्ता के खिलाफ विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत प्रसंज्ञान ले चुकी है। ऐसे में उसे जमानत नहीं दी जाए। गौरतलब है कि 5 दिसंबर, 2023 को आरोपी रोहित राठौड़ और नितिन फौजी ने राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की घर में हत्या कर दी थी।

# 'भारत व अमेरिका के टैरिफ ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

व्यापक सहयोग को लेकर फिर से प्रतिबद्धता जताई है। भारत और रूस के बीच तेल और रक्षा उपकरणों को लेकर दीर्घकालिक व्यापार संबंध हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह भी खुलासा किया कि राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन युद्ध की ताजा स्थिति के बारे में प्रधानमंत्री को अवगत कराया, जिससे यह संकेत मिला कि दोनों देशों के संबंध कितने पारदर्शी और घनिष्ठ हैं। इसके साथ ही, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भी मॉस्को का दौरा किया, जहां उन्होंने सीधे रूसी राष्ट्रपति से मुलाकात की। जब यूरोप के कई नेता पुतिन से सीधी बातचीत नहीं कर पा रहे हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की योजना बन रही है, उस समय डोभाल की यह विशेष बैठक विशेष महत्व रखती है।

दूसरी ओर, भारत ने उन सभी अटकलों को खारिज किया है कि उसने अमेरिका से अपने हथियार और रक्षा प्रणाली की खरीद योजनाएं धीमी या स्थगित कर दी हैं। एक अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी की रिपोर्ट का खंडन करते हुए, भारत सरकार ने कहा है कि ये योजनाएं निर्धारित समयबद्धता के अनुसार आगे बढ़ रही हैं। इसके अतिरिक्त, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अमेरिका यात्रा निर्धारित है, जहां वे वॉशिंगटन में अपने समकक्ष से मुलाकात करेंगे। संकेत मिल रहे हैं कि यह बैठक अनुसूची के अनुसार होगी।

हालांकि, जिस प्रकार डॉनल्ड ट्रंप ने भारत के खिलाफ तीखे बयान दिए हैं, उससे यह आशंका बनी हुई है कि अमेरिका कुछ प्रस्तावित बैठकों को एकतरफा तौर पर स्थगित कर सकता है। अगर ऐसा होता है, तो यह दोनों देशों के संबंधों के लिए नुकसानदेह होगा- और रूस के हित में होगा, जो वर्तमान में अमेरिका और पश्चिमी गठबंधन के लिए एक बड़ा रणनीतिक संतुलन बनकर उभरा है।

दिलचस्प बात यह है कि अमेरिका ने अभी तक चीन के खिलाफ किसी प्रकार के गंभीर प्रतिबंध या अतिरिक्त टैरिफ नहीं लगाए हैं, जबकि ट्रंप सार्वजनिक रूप से सेकेंडरी सैंक्शंस की बात करते रहे हैं। चीन अब भी भारी मात्रा में रूसी तेल खरीद रहा है, अमेरिका की नीतियों की अवहेलना करते हुए। इसका एक बड़ा कारण यह हो सकता है कि चीन की कुछ रणनीतिक पकड़ अमेरिका पर बनी हुई है। अमेरिका को जिन दुर्लभ पृथ्वी खनिजों की आपूर्ति की सबसे अधिक आवश्यकता है, उनका चीन सबसे बड़ा स्रोत है। जब ट्रंप ने चीन के निर्यात पर टैरिफ बढ़ाने की धमकी दी थी, तो चीन ने अमेरिका को इन खनिजों और मैग्नेट्स की आपूर्ति रोकने का आदेश दिया था। साथ ही, यह स्वीकार करना पड़ेगा कि चीन की सैन्य शक्ति भी अमेरिका के लिए एक बड़ा प्रतिरोधक कारक है। आज चीन के पास अमेरिका से बड़ा नौसैनिक बेड़ा है और उसकी सामरिक क्षमता अमेरिका को सीधे टकराव से रोकती है। चीन की आर्थिक और सैन्य शक्ति, दोनों ही आज एक सबक हैं कि किस प्रकार दीर्घकालिक आर्थिक प्रगति राष्ट्र की सामरिक स्थिति को मजबूत कर सकती है। चीन की आज की ताकत सीधे तौर पर उसकी पिछली साढ़े तीन दशकों की आर्थिक सफलता से जुड़ी है।

# सुप्रीम कोर्ट ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

न्यायाधीश पर छोड़ते हैं। हम पूरी तरह से स्वीकार करते हैं कि किसी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ही 'मास्टर ऑफ द रोस्टर' होते हैं। हमारे निर्देश किसी भी प्रकार से उनके प्रशासनिक अधिकार में हस्तक्षेप नहीं करते।"

# 'तेजस्वी यादव का एक वोटर आईडी कार्ड फर्ज़ी'

नयी दिल्ली, 08 अगस्त। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने जांच में पाया है कि बिहार विधान सभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने दो अगस्त की अपनी प्रेस वार्ता में अपना जो मतदाता फोटो आईकार्ड (ईपिक) दिखाया था वह फर्जी है और उसे आयोग द्वारा नहीं जारी किया है।

यादव का नाम एक दूसरे कार्ड नंबर के साथ बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पुस्तकालय भवन के मतदान केंद्र संख्या 204 की सूची में क्रम संख्या 416 पर दर्ज है और उसका फोटो आईकार्ड नंबर दूसरा है।(अधिकारियों ने यादव को फर्जी कार्ड जमा कराने के लिए लिखा है और कहा है फर्जी सरकारी दस्तावेज बनाना एवं उपयोग करना कानूनी अपराध है। बिहार की दीघा विधान सभा सीट (181) के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पादधिकारी , पटना सदर ने यादव को पत्र लिख कर अनुरोध किया है कि वह अपना आरएबी2916120 नंबर का 'फर्जी' ईपिक 16 अगस्त शाम पांच बजे तक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कार्यालय में जमा करा दें।

# एसआई भर्ती पेपर लीक में एक और प्रोबेशनर उपनिरीक्षक गिरफ्तार

## इस प्रकरण में अब तक एसओजी 54, एसआई सहित 118 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है

जयपुर, 8 अगस्त। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने उपनिरीक्षक भर्ती (एसआई) परीक्षा 2021 पेपर लीक से सम्बन्धित दर्ज प्रकरण में कार्रवाई करते हुए एक और प्रोबेशनर उप निरीक्षक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित प्रोबेशनर उप निरीक्षक परीक्षा पूर्व पेपर लीक गिरोह के मार्फत लीक सॉल्वड पेपर पढ़कर अविधिक रूप से चयनित हुआ था।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस और एसओजी वीके सिंह ने बताया कि एसओजी ने उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 2021 पेपर लीक से सम्बन्धित दर्ज प्रकरण में कार्रवाई करते हुए पुलिस एक्टिव लाईन जयपुर ग्रामीण में पुलिस उप निरीक्षक (प्रोबेशनर) सत्येन्द्र सिंह यादव निवासी बहरोड़

**■ बहरोड निवासी सत्येन्द्र सिंह यादव को पुलिस एक्टिव लाईन जयपुर ग्रामीण में गिरफ्तार किया गया।**

सदर जिला बहरोड़ कोटपूतली, हाल सिरसी बिंदायका को गिरफ्तार किया है। एसओजी फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है।

एडीजी (एटीएस और एसओजी) वी.के.सिंह ने बताया कि एसआई भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में एसओजी की ओर से साल-2024 में प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। इस मामले में आरोपित सत्येन्द्र सिंह यादव एसआई भर्ती पेपर की दोनों पारियों की लिखित परीक्षा 15 सितम्बर 2021 को परीक्षा से पहले पेपर लीक गिरोह के जरिए लीक सॉल्वड पेपर पढ़कर चयनित हुआ तथा वर्तमान में पुलिस लाइन जयपुर ग्रामीण में पुलिस एसआई (प्रोबेशनर) है।

आरपीएससी अजमेर से आरोपित सत्येन्द्र सिंह यादव का एसआई भर्ती परीक्षा-2021 की लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों का विवरण प्राप्त किया गया, जिसमें आरोपित सत्येन्द्र सिंह ने हिन्दी विषय में 178.83 और सामान्य ज्ञान विषय में 160.33 अंक (कुल 339.16 अंक) प्राप्त किए और मैरिट क्रमांक 12 पर एसआई के पद पर चयनित हुआ। एसओजी की ओर से दर्ज प्रकरण में जांच पड़ताल के दौरान राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे ट्रेनी की उक्त भर्ती परीक्षा की लिखित परीक्षा में आए प्रश्न पत्रों के अनुसार दोबारा परीक्षा ली गई थी। किन्तु सत्येन्द्र सिंह यादव के एसआई की लिखित परीक्षा में प्राप्तांकों एवं विभाग की ओर से उन्हीं प्रश्न पत्रों से दोबारा ली गई परीक्षा में भारी अंतर पाया गया।

आरोपित सत्येन्द्र सिंह की ओर से 10वीं क्लास में 55 प्रतिशत, 12वीं क्लास में 59 प्रतिशत और स्नातक में 57 प्रतिशत अंक प्राप्त किए गए हैं। एसआई भर्ती परीक्षा-2016, पटवारी भर्ती-2016 और आरएएस प्री-2018 में आरोपित सत्येन्द्र ने परीक्षा दी, लेकिन वह पास नहीं हो सका। एसओजी की ओर से अब तक 54 एसआई सहित, कुल 118 आरोपित गिरफ्तार किए जा चुके है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908